# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 19-05-2026**

**जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-05-19 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2026-05-20 | 2026-05-21 | 2026-05-22 | 2026-05-23 | 2026-05-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 44.0 | 44.0 | 44.0 | 44.0 | 45.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 29.0 | 29.0 | 29.0 | 30.0 | 30.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 26 | 33 | 29 | 30 | 34 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 10 | 12 | 11 | 11 | 12 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 4 | 5 | 5 | 5 | 6 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 270 | 257 | 267 | 268 | 268 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 3 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| चेतावनी | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं | कोई चेतावनी नहीं |

## पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने कीसंभावना। अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 29 से 30 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 4-6 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

## मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

आने वाले दिनों में कोई चेतावनी नहीं।

## मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

कोई नहीं

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी दिनों में बढ़ते तापमान और लू चलने की स्थिति को देखते हुए जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने और वर्षा नहीं होने की सम्भावना है। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| तरबूज़ | जहॉ पर तरबूज खरबूजा में पित शिरा विषाणु रोग का प्रकोप हो वहॉ किसान इमिडाक्लोप्रिड 8 मिली का 15 लीटर पानी में घोल बनाकर 8 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। तथा अन्य पती धब्बा रोग के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड के छिड़काव के 5 दिन बाद बाविस्टिन का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें। |
| भिण्डी | भिंडी की फसल में पीत-शिरा मोजैक रोग व सफेद मक्खी के रोकथाम के लिए डाइमिथोएट 30 ई. सी. एक मि.ली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | दोपहर के समय पशुओं को छायादार स्थान पर या पेड़ के नीचे बांधे, स्नान कराये तथा पीने के लिए साफ पानी दे। पशुओं के अच्छे स्वास्थय व दुग्ध उत्पादन के लिए हरे चारे के साथ 50 ग्राम नमक तथा 50 से 100 ग्राम खनिज मिश्रण प्रति पशु अवश्य दे । |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भूमि की तैयारी | अगर मानसून के सीजन में फलों के नये पौधें लगाने है तो गड्ढो की खुदाई कर उन्हे खुला छोडें ताकि हानी कारक कीट व खरपतवार के बीज नष्ट हो जाएं। |
| मिट्टी परीक्षण | किसान भाई मृदा परीक्षण के लिए 30 सेंटीमीटर गहराई तक से मिट्टी का नमूना इकट्ठा कर मिट्टी का परीक्षण नजदीकी प्रमाणित एजेंसियों या सरकारी कार्यालय से कराएं। |
| सामान्य सलाह | आने वाले दिनों में उच्च तापमान की संभावना हैं अतः सब्जियों व बागानों में अतिरिक्त सिंचाई अवश्य दे। वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें। |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| कोई नहीं |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| कोई नहीं |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**